अमर उजाला 02/12/2025

# एड्स से बचाव के संबंध में जानकारी दी

**अंबाला।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जीएमएन कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने एड्स से बचाव के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने किया। उन्होंने कहा कि एचआईवी-एड्स केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदना, जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है। यूथ रेडक्रॉस इकाई के संयोजक डॉ. राकेश कुमार ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने एचआईवी-एड्स के कारणों, लक्षणों, संक्रमण के तरीकों, बचाव उपायों और समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जानकारी प्रदान की। संवाद